हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा

### अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत में उपाध्यक्ष चुनाव का मामला

# पांच पार्षदों को नोटिस, विधायक के खिलाफ भी एक्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में गत दिनों हुए उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस संगठन के खिलाफ जाकर कार्य करना पांच पार्षदों को भारी पड़ गया है। इन पांच पार्षदों को जिला संगठन ने कारण बताओ नोटिस जारी करते जवाब-तलब किया है। इसके अलावा स्थानीय विधायक भोलाराम साहू के खिलाफ भी एक्शन की तैयारी है। उनके खिलाफ अनुशासनहीनता समिति निर्णय लेगी।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी अनिल मानिकपुरी की जीत हुई थी। जिसके बाद 19 मार्च को नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव होना था। इसके लिए प्रत्याशी चयन करने कांग्रेस संगठन ने एक बैठक आहुत की थी। अंबागढ़ चौकी के साहू भवन में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस ने पर्यवेक्षक के रूप में छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई, डॉ. थानेश्वर पाटिला, प्रदेश सचिव मेहुल मारू एवं जिला प्रभारी आफताब आलम को भेजा था।

इस बैठक में सभी कांग्रेसी पार्षदों को सूचना देकर बुलाया गया था, परन्तु सूचना के बाद भी पांच पार्षद बैठक में नहीं पहुंचे। वहीं अपनी पसंद का प्रत्याशी उपाध्यक्ष चुनाव में उतारकर उसे समर्थन दिया। जिसको लेकर ही अब कांग्रेस संगठन द्वारा कार्रवाई की जा रही है।



### पार्टी निर्देश की अनदेखी का आरोप, पांच दिन में मांगा जवाब

जारी नोटिस में साफतौर पर कहा गया है कि इन पांच पार्षदों द्वारा बैठक की सूचना दिए जाने के बाद भी उसमें शामिल नहीं हुए। इसके साथ ही पार्टी के निर्देश की अवहेलना करते हुए स्वयं ही प्रत्याशी चयन कर चुनाव में न केवल प्रत्याशी उतारा, बल्कि उसमें भाग लिया। जिसके चलते पार्टी को हार का सामना करना पड़ा, जिसे पार्टी के खिलाफ घोर अनुशासनहीनता माना गया है।

### नोटिस जारी

प्रदेश संगठन से मिले दिशा-निर्देश अनुसार पांच पार्षदों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- **सुरजीत सिंह ठाकुर**, जिला अध्यक्ष मोहला-मानपुर-अं चौकी जिला

### इनको नोटिस

कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर द्वारा जारी नोटिस पांच पार्षदों को 25 मार्च को जारी की गई है। इनमें वार्ड 1 से पार्षद श्रीमती खेदीबाई अमीला, वार्ड क्र. 3 से पार्षद रितेश मेश्राम, वार्ड 7 से पार्षद श्रीमती गोरीचंदा देवांगन, वार्ड 9 से पार्षद मुकेश सिन्हा एवं वार्ड 10 से पार्षद झरलेश कुमार कुंभकार के नाम शामिल हैं। इन सभी को पांच दिन के भीतर अपना जवाब देने को कहा गया है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न,
• धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365






## खबर संक्षेप

### जयंती पर निकाली शोभायात्रा




**गठुला।** साहू बाहुल्य ग्राम गठुला में धूमधाम भक्त माता कर्मा जयंती मनाया गया। मंगलवार को जयंती के अवसर पर साहू समाज ने भव्य शोभायात्रा एवं महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। शोभायात्रा मे समाज के हर वर्ग के बच्चों, युवा और बुजुर्ग उत्साह के साथ शामिल हुए । साहू समाज ने रामायण पाठ का आयोजन भी रखा था।

### नवरात्रि पर्व की तैयारी शुरू

**सड़क अतरिया।** चोपड़ाधाम स्थिति दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व उल्लास से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर समिति आवश्यक समिति में जुटी है। यहां प्राचीन समय से श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाता है। पर्व को लेकर जय डोंगेश्वर समिति की बैठक आहूत कर रूपरेखा बनाया गया है। आगामी रविवार को घट स्थापना, 2 अप्रैल को पंचमी तथा 5 अप्रैल को महाष्टमी मनाया जाएगा। इसी प्रकार पैलीमेटा स्थित रास पहाड़ी में स्थित अन्नपूर्णा मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। साल्हेवारा घाट पर स्थित बंजारी माता मंदिर में भी बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाता है।



### प्रतिमा अनावरण 27 को

**डोंगरगढ़।** ग्राम कातलवाही में रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा अनावरण एवं बलिदान दिवस समारोह का आयोजन 27 मार्च को किया गया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी होंगे। अध्यक्षता जिला लोधी समाज के अध्यक्ष उत्तमचंद जंघेल करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे शोभायात्रा से होगा। तत्पश्चात प्रतिमा अनावरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में लोधी समाज के मुकुंद वर्मा, सुमन वर्मा, गोविंद वर्मा, देवनाथ वर्मा एवं ग्रामवासी जुटे हैं।

### बोर्ड का अंतिम पेपर आज

**सड़क अतरिया।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा कल बुधवार को पूर्ण हो जाएगी। कल बारहवीं के छात्र इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर तथा एग्रीकल्चर संकाय के परीक्षार्थी अंतिम पेपर दिलाएंगे। दसवी के सभी पेपर पूर्ण हो चुके हैं। दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक शाला सड़क अतरिया में कक्षा बारहवीं में 116 परीक्षार्थी शामिल हुए। दसवी में अतरिया, संड़ी एवं घिरघोली हाईस्कूल के 164 परीक्षार्थी शामिल हुए। केन्द्राध्यक्ष नारायण कामड़े थे। परीक्षा के दौरान जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों ने निरीक्षण किया।



### क्षय रोग का परीक्षण

**डोंगरगढ़।** एसबीआई संजीवनी क्लिनिक, शिखर युवा मंच ने ग्राम मोहनपुर में क्षय रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि एसबीआई संजीवनी क्लिनिक अनुबंध के अनुसार गाँवों में एम्बुलेंस ही सारी सुविधाएं देकर लोगों का इलाज कर रही है जिसका लोगो को अच्छा फायदा मिल रहा है। छोटे छोटे गांवो चलित हॉस्पिटल में ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट किया जा रहा है जो वनांचल के लिए वरदान है । शिविर में 365 लोगों ने क्षय रोग का परीक्षण कराया। इस मौके पर जनपद सदस्य अशोक नेताम, सरपंच सुखराम पटेल, उपसरपंच परमेश्वर मंडावी, पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### चतुर्भुज मंदिर में 27 को तेरस मेला उत्सव

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत कटंगी स्थित चतुर्भुज मंदिर में आगामी 27 मार्च को तेरस मेला उत्सव का आयोजन किया गया है। चतुर्भुज नवयुवक मंडल समिति द्वारा आयोजित यह मेला सुबह 10 से शाम 7 बजे तक चलेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार कई साल पहले खुदाई के दौरान यहां भगवान गणेश की चतुर्भुज मूर्ति और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां मिली थीं। मूर्ति मिलने के बाद मंदिर की स्थापना की गई और हर साल कृष्ण पक्ष की तेरस को मेले का आयोजन किया जाने लगा। इसी क्रम में इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकर करेंगी। कार्यक्रम में भाजपा के राजेश मेहता, अनिल अग्रवाल, धरमु पटेल, राकेश ठाकुर आदि शामिल होंगे। मेले के बाद रात्रि में पंडवानी का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान समिति के संरक्षक पीसी लाल यादव, अध्यक्ष राधु पटेल, उपाध्यक्ष पुन्नु पटेल, सचिव मनहरण पटेल आदि सदस्य उपस्थित रहेंगे।



## निधन



### सावित्रीदेवी बाघमारे

**डोंगरगढ़।** सावित्रीदेवी बाघमारे का 24 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में पारिवारिक, सामाजिक जन शामिल हुए ।



### दिनेश बघेल

**घुमका।** दिनेश बघेल पिता स्व. फगुआ बघेल का 53 वर्ष की उम्र में इलाज के दौरान सोमवार की रात्रि एम्स हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वह हायर सेकंडरी स्कूल रंगकठेरा में प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार पटेवा रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह डिम्पल, चंचल, लवली के पिता थे।

### बागी होकर लड़ा था चुनाव, मददगारों पर कार्रवाई नहीं

# नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुप्ता को भाजपा ने किया बाहर

### एक पखवाड़े पहले हुए थे निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अनुशासित भाजपा ने तीखे तेवर दिखाते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता को अनुशासन भंग करने के आरोप में छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित दिया। निष्कासन के साथ आधी अधूरी कार्रवाई को लेकर सवाल खडे.होने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के निर्देश पर संगठन महामंत्री जगदीश रोहरा ने उक्ताशय का आदेश जारी किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत के उपाध्यक्ष का चुनाव गुप्ता ने बागी प्रत्याशी के तौर पर लड़ा। जानकारी के अनुसार उपाध्यक्ष के लिए पार्टी ने पुरुषोत्तम साहू को अधिकृत किया था। श्री साहू के नाम निर्देशन पत्र में प्रस्तावक और समर्थक के रूप में तय पार्षद में से एक के हस्ताक्षर करने से इंकार के बाद श्री साहू ने अधूरा नामांकन पत्र जमा कर दिया था जो निरस्त हो गया था।

#### तीन को नोटिस, कार्रवाई एक पर

जानकारी के अनुसार इस मामले को लेकर भाजपा संगठन ने श्री गुप्ता के अलावा दो अन्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। जवाब मिलने के बाद संगठन के केवल एक को पार्टी से निष्कासित किया है। वहीं पार्टी के निर्णय की अवहेलना करते हुए नामांकन पत्र मे हस्ताक्षर करने से इंकार करने के मामले में भी संगठन ने चुप्पी साध लिया है। श्री गुप्ता के पक्ष मे मतदान करने के मामले को भी संगठन ने नजर अंदाज कर दिया है।



#### चुनाव में ऐसा भी हुआ

मरार पटेल समाज के भवन में आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष पद के लिए पुरुषोत्तम साहू के नाम की घोषणा के बाद बवाल के हालत बन गए थे। नामांकन पत्र जमा करने के निर्धारित समय के 10 मिनट पहले नाटकीय घटनाक्रम में वार्ड 4 के पार्षद रोहित गुप्ता ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। अधिकृत प्रत्याशी का पर्चा निरस्त होने के बाद अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने श्री गुप्ता के पक्ष में मतदान किया था।

## पीआईसी की बैठक में 18 विषयों पर लगी मुहर




**गंडई पंडरिया।** शपथ ग्रहण के बाद नगर पंचायत में पीआईसी का गठन किया गया है। गठन के बाद पीआईसी की प्रथम बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, उपाध्यक्ष और पार्षद शामिल हुए।बैठक में 18 विषयों को रखा गया। सभी 18 विषयों पर सभी सहमति जताया। बैठक में पार्क मरम्मत, बोर खनन, महिला शौचालय निर्माण, प्राथमिक शाला बाउंड्री, स्वागत द्वारों की फ़ोटो बदलने, मुक्तिधाम के लिए रास्ता आदि विषय रखे गए थे। कुछ वार्डों में पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रमुखता दी गई है। बैठक मे तामेश्वर साहू, दिलीप ओगरे, इशरत अंजुम, ननकी चतुर्वेदी उपस्थित थे। गर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि नगर विकास को लेकर 18 विषयों पर पीआईसी की बैठक संपन्न हुई। सभी 18 विषयों पर सबकी सहमति बनी है। आम जन के हित में विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे।

## 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुमर्दा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में वंदनीय माता के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष में चिरचारी खुर्द में गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रथम पहर में वरुण देवता का आव्हान पूजन किया गया। तत्पश्चात राजनांदगांव जिला के समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा, गायक ब्रह्मानंद, वादक सुकमन, प्रीतमदास ने वैदिक मंत्रो से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया। गायत्री परिजन एवं ग्रामीणों ने गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र एवं पर्यावरण संवर्धन हेतु आहुतियां दी। ग्राम के 88 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक रूपसिंह साहू, दीक्षित साहू, प्रीतराम साहू, कामता साहू, भेष साहू, खिलेन्द्र साहू, लूमेन साहू, राजेन्द्र साहू, त्रिभुवन, देवेन्द्र साहू, गायत्री मानस परिवार की बहनें, नरहरी पटेल, गिरधर साहू, भेष कुमारी, नीलिमा सिन्हा आदि यज्ञ में शामिल हुए। शाम को प्रवचन में प्रखर वक्ता जयप्रकाश सिन्हा ने जीवन में गुरु का महत्व एवं शिष्य का समर्पण, युग परिवर्तन में दीप यज्ञ का महत्व पर प्रकाश डाला। नीलिमा सिन्हा ने राम आएंगे भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। दीप यज्ञ के बाद बहनों भाइयों ने गरबा नृत्य किया गया। देवताओं की विदाई एवं टोली विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में व्याख्याता खिलेंद्र साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

## उल्लास के साथ निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



ग्राम पंचायत चुचरुंगपुर में भक्त माता कर्मा की जयंती बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकर, जिपं सदस्य विजय वर्मा कार्यक्रमो में शामिल हुए। नवीन वस्त्र धारण कर सामाजिक बंधुओ ने कार्यक्रम का आगाज किया। सर्वप्रथम समाज की महिलाओ ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा निकाला। सामाजिकजनों ने परिजनों के साथ माता कर्मा की पूजा अर्चना किया। ग्राम दैहान में विधि विधान के साथ भक्त माता कर्मा की मूर्ति की स्थापना किया गया। प्रसाद स्वरूप खिचड़ी वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों ने माता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माता कर्मा, जिन्हें कर्मा बाई के नाम से भी जाना जाता है वह कृष्ण भक्त थीं। कार्यक्रम में आस स सहित दूर दराज के 5 सौ से अधिक सामाजिकजन शामिल हुए। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, दाऊराम, हरि शंकर, कांशीराम, रामा, अनुज, कन्हैय्या, नरसिंग साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान होली मिलन का भी आयोजन किया गया।

## नपा अध्यक्ष ने हैंडपंपों का किया निरीक्षण




■ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोगों को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराने के लिए पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सीएमओ सीके शर्मा और पालिका कर्मचारियों की टीम ने विभिन्न वार्डों में खराब व बंद बोर का निरीक्षण कर शुरू करने की संभावना का जायजा लिया। आगामी 30 मार्च से नवरात्रि और गर्मी को ध्यान में रखकर बंद बोर की मरम्मत कराकर दुरूस्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। वार्डों के पार्षद व जनता से रूबरू होते हुए उनकी समस्या को सुनकर निराकरण करने का निर्देश कर्मचारियों को दिया।

जानकारी के अनुसार विभिन्न वार्डों की नालियों की सफाई नहीं हो रही है।

सड़कों और चौक चौराहो के प्रतिदिन साफ कर कचरा उठाया जा रहा है किन्तु पिछले दो माह से कई नालियों की न सफाई हुई है और न दवाई का छिडकाव किया गया है। हाईस्कूल के सामने खुले में कूड़ा देखकर पालिका अध्यक्ष ने सफाई को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ को नाली साफ कराने और दवा का छिड़काव कराने कहा।

## पूर्व सरपंचों ने लगाया चूना, कार्रवाई नहीं

### खरीदी में गड़बड़ी, मनरेगा के मस्टररोल में भरी फर्जी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्षेत्र की कई पंचायतो में अनियमितता की शिकायतें आते रही है। स्वीकृत कार्यों के अलावा सामग्री खरीदी, फोटो कॉपी, स्टेशनरी खरीदी में बंदरबाट किया गया साथ ही रोजगार गरंटी योजना के मस्टररोल फर्जी हाजरी भरकर शासन को चूना लगाया गया है। वहीं जनप्रतिनिधियों ने बिना अनुमति खनन, बाजार नीलामी में गड़बड़ी कर नुकसान पहुंचाया है। शिकायत के बाद अधिकारियों ने जांच तो कराया किन्तु कार्रवाई शून्य रही। ग्राम पंचायत ढारा में लगभग 8 से 10 लाख के गबन का मामला सामने आ चुका है। मुडपार पंचायत में भी लगभग 6 लाख के गबन का मामला सामने आया है। इसी प्रकार कन्हारगांव, बोरतलाव पंचायत में दो साल पहले रोजगार गरंटी योजना में फर्जी हाजरी लगा कर गबन करने का मामला सामने आया था। तत्कालीन कार्यपालन अधिकारी ने गड़बड़ी की पुष्टि करते हुए कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था। पंचायत चुनाव के बाद पदस्थ अधिकारी कार्रवाई करने के बजाए मामले को निपटाने मे लगे हैं। जानकारी के अनुसार कई पंचायतो में अधूरे कार्य का पूरा भुगतान कर दिया गया है।

आंगनबाड़ी भवन में 3 साल से विद्युत का संचालन किया जा रहा है मजे की बात यह है कि वहां विद्युत कनेक्शन नहीं लगा। यहां मीटर भी नहीं लगाया गया है। सचिव चेतन सेन ने इस बारे में पूछने पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को आडे हाथ लेते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया।

#### मानदेय का उपयोग नल जल में

ग्राम पंचायत बछेराभाटा में पंचायत के कार्य एवं राशि में अनियमितता का मामला सामने आया है। सरपंच एवं पंचों को मिलने वाले मानदेय राशि को नल जल योजना में खर्च कर दिया गया। अब सरपंच एवं पंचों को मानदेय मिलने में असुविधा हो रही है। इसी प्रकार पूर्व सरपंच राजेश्वरी साहू एवं सलमा बेगम से लगभग 7.50 लाख वसूली का मामला अनुविभागीय न्यायालय में सालों से लंबित है। वहीं कई कार्य हुए है जिनका मूल्यांकन सत्यापन नहीं होने की वजह से भुगतान अटका हुआ है।

### बजट सत्र में विधायक ने उठाए सवाल



**डोंगरगढ़।** विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए अपने सवालों से मंत्रियों और सरकार को जमकर घेरा। सवाल उठाने के मामले में श्रीमती बघेल टॉप 5 पर रही। इस दौरान विधायक ने सवालों के माध्यम से क्षेत्र और राज्य के कई मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाकर सरकार से जवाब तलब किया। पहली बार निर्वाचित विधायक श्रीमती बघेल की आक्रामकता और सक्रियता की चर्चा क्षेत्र के लोगों के बीच है। विधायक को चुम्मन दास साहू, सुरेश सिन्हा, जगदेव साहू, राजू राजपूत, पलटू लहरे, नेतराम साहू, पुखराज पप्पू साहू, गुलशन लिल्हारे, दिनेतु जांगडे, लाला वर्मा, रंजीत भारती, फत्तू वर्मा आदि ने सक्रियता के लिए धन्यवाद दिया है।

## कॉलेज में हुआ मौलिक अधिकारों पर व्याख्यान



**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई के जन्तु विज्ञान विभाग ने मौलिक अधिकार विषय पर अंतर विभागीय व्याख्यान का आयोजन किया। व्याख्यान में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक टीएन वर्मा वक्ता के रूप में शामिल हुए। श्री वर्मा ने मौलिक अधिकारों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मौलिक अधिकार भारतीय संविधान के भाग 3 में उल्लेखित है और प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा के लिए प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मौलिक अधिकारों का उपयोग सामाजिक प्रथाओं की असमानताओं को दूर करने में किस प्रकार किया जा सकता है। उन्होंने अस्पृश्यता को समाप्त करने और धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को रोकने में उनकी भूमिका पर जोर दिया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। संचालन शिल्पी देवांगन ने किया। इस मौके पर नारायणी सोनी, ओमकुमारी साई आदि उपस्थित थे।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

# सामाजिक प्रतिनिधियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

युवा लोधी समाज सर्किल डोंगरगांव ने गत दिनों खैरी में होली मिलन एवं नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि लोधी समाज के संरक्षक गुलाब वर्मा, विशिष्ट अतिथि मूलचंद लोधी, एफआर वर्मा, जितेंद्र वर्मा, बीनाधर वर्मा, लोकेश वर्मा, राजू वर्मा थे। अध्यक्षता पुरुषोत्तम वर्मा ने की।इस मौके पर मुख्य अतिथि गुलाब वर्मा ने युवाओं को रचनात्मक कार्य और समाज को संगठित करने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि मूलचंद लोधी ने युवा टीम को रचनात्मक कार्य निरंतर करने प्रोत्साहित किया। एफआर वर्मा ने युवाओं से विभिन्न गतिविधियों के साथ सामाजिक विकास के लिए शिक्षा पर ध्यान देने कहा। सामाजिकजनों को सितेश वर्मा, लोकेश वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन अगबर वर्मा ने किया।



#### पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान

लोधी समाज डोंगरगांव सर्किल ने नवनिर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में सुमरित वर्मा, बनवाली वर्मा, ओभी वर्मा, टेलसिंह वर्मा, लोकेश्वर वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, चंद्रिका लेखचंद वर्मा शामिल थे। इस दौरान पूर्व युवा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा को भी सम्मानित किया गया।

#### बच्चों ने दी प्रस्तुति

अतिथियों के ग्राम आगमन पर जिला युवा लोधी समाज के महासचिव सितेश वर्मा एवं युवा अध्यक्ष अगबर वर्मा के नेतृत्व में बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया।इस दौरान ग्राम के बच्चों ने स्वागत गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अगबर वर्मा, नवीन वर्मा, जीवधन वर्मा, अनिल वर्मा, रूपचंद वर्मा, कमलेश वर्मा, सुखेंद्र वर्मा, छबिलाल वर्मा, रेमन वर्मा, सुनील वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, लीलाधर वर्मा, कमलेश वर्मा, उमेंद्र वर्मा, लकी वर्मा, विकास वर्मा, भूषण वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में ग्राम लोधी समाज खैरी का सराहनीय योगदान रहा।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, Rohit Kumar Taank, S/O Dilip Bhai Taank, resident of HN 184/3, Ward No 14, Behind Wesleyan School, TankaPara, Rajnandgaon, (C.G) changed the old name Rohit Kumar Taank S/O Dilip Bhai Taank, so in future I should be recognized by my new name Rohit Taank S/O Dilip Bhai Taank in all Government and other documents.

**Rohit Taank**
HN 184/3, Ward No 14, Beside Wesleyan School, TankaPara, Rajnandgaon (C.G)

## खबर संक्षेप

### परीक्षा अभियान में शामिल हुए 10 हजार

**छुईखदान।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में 10620 शिक्षार्थी शामिल हुए। यह सफलता कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की निगरानी एवं जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी के नेतृत्व एवं सहायक संचालक डॉ रश्मि खरे के मार्गदर्शन में हासिल हुई है। इस सफलता में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की पूरी टीम की कड़ी मेहनत रही। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला स्तर से मॉनिटरिंग दल जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, एबीईओ सुधाकर, बीआरसी दुष्यंत शर्मा ने सतत मॉनिटरिंग किया। जिला मॉनिटरिंग दल में शामिल सहायक संचालक डॉ खरे, किरण सिंह एवं संकुल समन्वयक नंद वैष्णव ने साक्षरता परीक्षा केंद्रों में जाकर निरीक्षण किया। जिला साक्षरता दूत डॉ पीसी लाल यादव ने भी निरीक्षण किया। परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित कर नेहरु लाल वर्मा , अर्पित सिंह, कमल वर्मा, कोमल कोठारी, डुटेंद्र साहू, लोकेश वर्मा, तुलसी एवं ललिता को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सहायक संचालक प्रवीण श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर, रचना श्रीवास्तव की टीम ने कई साक्षरता परीक्षा केंद्रों का मॉनिटरिंग किया।

### जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव के बिल भुगतान का मामला

# शाला प्रवेश उत्सव में खर्च राशि को लेकर मची खींचतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कन्या शाला में जुलाई महीने मे आयोजित जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव के बिल भुगतान को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा कन्या शाला मे जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव 15 जुलाई को कराने पहले जिला स्तरीय बैठक रखी गई थी जिसमे डीईओ सहित दोनो ब्लाक के बीईओ ,बीआरसी भी मौजूद थे।

बैठक में निर्णय लिया गया था कि जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव मे अतिथियो के स्वागत, पंडाल, नाश्ते को लेकर जो भी खर्च होगा उसका भुगतान शिक्षा विभाग करेगा लेकिन कार्यक्रम होने के नौ महीने बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा खर्च का वहन नही करने से शाला प्रबंधन समिति सदस्य भडक़ गए है।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष आलोक श्रीवास ने बताया की प्रवेश उत्सव में जो भी सामान लगा था वह सब कन्या शाला स्कूल की जिम्मेदारी पर लगा था।

कार्यक्रम होने के बाद भुगतान के लिए दुकानदारो के रोज तगादा मारने पर जिला शिक्षा अधिकारी और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियो का बैठक मे दिए आश्वासन बाद शाला विकास समिति मे राशि का भुगतान कर दिया गया लेकिन अब शाला विकास समिति के खाते में रूपए नहीं होने से वार्षिक उत्सव सहित अन्य आवश्यक कार्य अटक गया है।

### वादाखिलाफी कर रहे अधिकारी

बीते सत्रारंभ मे 15 जुलाई को कन्या शाला मे सांसद संतोष पांडेय, विधायक यशोदा वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, तत्कालीन जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू सहित अन्य दर्जन भी जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी मे जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया था। आयोजन पूर्व बैठक मे शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि यह जिला स्तरीय आयोजन है इसमे कन्या शाला का जो पैसा खर्च होगा उसे आबंटन मिलने के बाद ससम्मान लौटा दिया जाएगा लेकिन नौ महीने बीतने के बाद भी खर्च राशि वापस नहीं मिलने से प्रबंधन समिति बौरा गई है उनका कहना है कि आत्मानंद उत्कृष्ट शाला के रूप उन्नयन बाद से बच्चों से किसी प्रकार की फीस नहीं ली जा सकती। टोटल अनुदान पर शाला चल रहा है और इस स्थिति मे जब जरूरी काम अटक रहे है तो पैसा देने मे अधिकारी टालमटोल कर रहे है। उनका कहना है कि इस स्थिति से उबरने शाला विकास समिति मे राशि नहीं है और खर्च राशि वापस देने से मुकर कर शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी वादाखिलाफी कर रहे है।

### विभाग द्वारा अब तक कोई पहल नहीं

अध्यक्ष आलोक श्रीवास ने इस संबंध मे जिला शिक्षा अधिकारी को पत्राचार कर उत्सव में ,खर्च हुए रुपये को शाला विकास समिति के खाते में डालने कहा लेकिन अभी तक इस मामले मे विभाग ने कोई पहल नहीं की है। प्रवेश उत्सव में 91 हजार रुपये के खर्च का हिसाब देते हुए आलोक श्रीवास ने कहा कि जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में हुए खर्च का भुगतान कन्या शाला के शाला विकास समिति के अकाउंट से किया गया है। अब पैसा नहीं है तो अन्य काम अटक गया है। शिक्षा विभाग को अपने वादे पर अमल करते हुए पैसा वापस देना चाहिए। उन्होने बताया कि 15 जनवरी को शाला विकास समिति के बैठक में जिला शिक्षा विभाग से पत्राचार कर खर्च राशि को शाला विकास समिति के खाते में डालने की मांग का निर्णय लेकर 17 मार्च को आवेदन दिया गया है।

### मांग गलत है

जिला प्रवेश उत्सव में जो भी खर्च हुआ है उसका भुगतान शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाला कन्या शाला ने किया है कोई अपने जेब से नहीं दिया है। शिक्षा विभाग में प्रवेश उत्सव मनाने कोई स्पेशल फंड नहीं रहता है जिस स्कूल में प्रवेश उत्सव होता है उसे ही भुगतान करना पड़ता है। अब मैं एक-एक स्कूल से रुपए मांग कर कन्या शाला को नहीं दे सकता। उनकी मांग गलत है।

**- लालजी द्विवेदी,** जिला शिक्षा अधिकारी

# विवि में आक्टेव 25, जिला अधिवक्ता संघ ने किया निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- विश्व विद्यालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों को हटाने की मांग

इंदिरा कला संगीत विवि में बीते दिनो आयोजित तीन दिवसीय आक्टेव 25 कार्यक्रम मे आमंत्रण व व्यवस्था को लेकर जिला अधिवक्ता संघ ने संघ को आमंत्रण नहीं दिए जाने पर विवि प्रशासन के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री को भेजा है जिसमे उन्होने संगीत विवि में पदस्थ किए गए प्रशासनिक अधिकारियों कुलपति संभागायुक्त सत्य नारायण राठौर और कुलसचिव अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को पद से हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि संगीत विवि में नियमित कुलपति एवं कुलसचिव की नियुक्ति नहीं होने का फायदा यहां विवि में प्रभार लेकर बैठे कुछ कर्मचारियों द्वारा उठाया जा रहा है। कांग्रेस शासन में लूप लाइन में पड़े ये कतिपय कर्मचारी सरकार बदलने के बाद अधिकारियों को झांसे में रखकर मनमानी कर रहे हैं। जिसका खामियाजा विवि प्रशासन, यहां के कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को उठाना पड़ रहा है। दूसरी ओर विवि की छवि भी धूमिल हो रही है। इन्हीं कर्मचारियों की मनमानी के चलते विवि के विभिन्न मदों से मनमाने खर्च करने के बाद भी विवि का नेक ग्रेड ए से गिरकर सी पर आ गया लेकिन इन कर्मचारियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। संघ का कहना है कि संगीत विवि की स्थापना बाद से कला संगीत विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति कुलपति और कुलसचिव के पद पर होते आ रही है।

### संघ को नहीं दिया आमंत्रण

अधिवक्ता संघ ने संगीत विवि द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ को आमंत्रित नहीं किये जाने पर निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि वर्तमान में कमिश्नर को कुलपति और अपर कलेक्टर को कुलसचिव का प्रभार दिए जाने से विवि में भर्राशाही व्याप्त है। जिसके लगातार दुष्परिणाम सामने आ रहा है। संघ को विवि के महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आमंत्रण से वंचित रखा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए निंदा प्रस्ताव करते संघ ने राज्यपाल को पत्र भेजकर दोनों प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटाकर संगीत विशेषज्ञों को कुलपति एवं कुलसचिव बनाए जाने की मांग की है। इस दौरान अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, सचिव संदीप दास वैष्णव, सुभाष सिंह ठाकुर, कमलाकांत पांडेय, मिहिर झा, टीके चंदेल, सर्वेश ओसवाल, घम्मन साहू, भुवनेश्वर वर्मा, सुनील कांत पांडेय, सूर्यदमन सिंह, विक्रम यदु, अमर यादव, मनराखन देवांगन, दीपेश ठाकुर, सुबोध कांत पांडेय, सुप्रीत सिंह, अवधेश सिंह, सुरेश साहू, कौशल कोसरे सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मोहगांव में बलिदान दिवस 27 को

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत मोहगांव में आगामी गुरूवार को लोधी समाज एवं ग्रामीणों द्वारा रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, उत्तम चंदेल, निर्मला विजय वर्मा, तिरथ चंदेल सहित अन्य शामिल होंगे। यह जानकारी गंड़ई सर्किल लोधी समाज के अध्यक्ष डेरालाल जंघेल ने दिया।

### शासकीय मेडिकल कॉलेज में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# 4 करोड़ 50 लाख लागत से होगा कैथ लेब का निर्माण




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मंगलवार को भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव की स्वशासी समिति की बैठक में शामिल हुए। स्वशासी समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

बैठक में मेडिकल कॉलेज परिसर में स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, मेडिकल कॉलेज परिसर में फिजियोथेरेपी कॉलेज की स्थापना, हृदय रोग से संबंधी इलाज के लिए लैब नहीं थी। इसके लिए 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से कैथ लेब निर्माण करने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार सीएसएचडी के लिए भी 1 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है। ट्रामा सेंटर सीसीएचबी यूनिट 7 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत का स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। एमआरआई मशीन लगाने का निर्णय लिया गया है।

### तीन माह में सीटी स्कैन मशीन होगा स्थापित

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि सीटी स्कैन मशीन को तीन माह के भीतर स्थापित कर प्रारंभ किा जाएगा। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए मॉड्यूलर किचन 50 लाख रुपए की लागत से निर्माण करने का अनुमोदन किया गया है। इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के कपड़े धुलाई के लिए 50 लाख रुपए की लागत का उच्च गुणवत्ता का लाउंड्री निर्माण करने का निर्णय लिया गया है।

### रूसे जलाशय से पानी जल्द से जल्द छोड़ा जाए

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने रूसे जलाशय से निस्तारी के लिए पानी छोड़े। भुनेश्वर ने कहा कि डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के घुमका के आसपास लगभग 45 ग्रामों में निस्तारी व पशुओं के पीने के लिए तालाबों को भरने की आवश्यकता है। तालाब भरने से आसपास के गांव का जलस्तर भी बढ़ेगा तथा मृत प्राय हो चुके कुंए, बोर और हैंडपंप आदि पुनर्जीवित हो उठेंगे। क्षेत्र में जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है। जिससे आने वाले समय में और अधिक निस्तारी लिए पानी की विकट समस्या उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीणों को आने वाले गर्मी में पानी की दिक्कत ना हो, इसके लिए रुसे जलाशय से अविलंब पानी छोड़ने की आवश्कता है। ग्रामीणों की परेशानियों को ध्यान में रखते जल्द से जल्द रूसे जलाशय को खोला

# नदारद सहायक शिक्षक एलबी, निलंबित

### ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों की शिकायत पर शिक्षा अधिकारी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बिना सूचना दिए दो महीने से नदारद शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित किया। लगातार दो महीने से विभाग को बिना सूचना दिए अनुपस्थित शिक्षक के खिलाफ लगातार शिकायत बाद भी कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों सहित शाला प्रबंधन समिति सदस्यों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को शिकायत आवेदन सौंपा था जिसके बाद हरकत मे आए शिक्षा विभाग ने महज दो दिन के भीतर जांच पूरी कर शिक्षक को निलंबन आदेश थमा दिया है। जानकारी अनुसार ब्लॉक के शासकीय प्रा शा साल्हे भर्ती पदस्थ शिक्षक घनश्याम दास बंजारे दो महीने से बिना सूचना नदारद हैं। कभी कभार स्कूल आने के दौरान वह शराब के नशे में रहता है।

शराब पीकर स्कूल आने और लगातार स्कूल से नदारद रहने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पहले भी जिला शिक्षा अधिकारी को दी गई थी। मामले में विभाग ने जांच कार्रवाई भी की लेकिन मामला प्रमाणित पाए जाने के बाद उक्त शिक्षक घनश्याम दास बंजारे द्वारा भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने, नियमित स्कूल आकर अध्यापन कराने के लिखित माफीनामा देने पर विभाग ने क्षमा कर दिया था इसके बाद भी शिक्षक की आदतो मे कोई सुधार नहीं हुआ। एक फरवरी से उसके नदारद रहने के चलते आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्टर से उसे स्कूल से हटाने और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### दूसरी बार हुआ निलंबन

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर गठित विभागीय जांच दल ने ग्रामीणों की शिकायत को सही पाया और जांच प्रतिवेदन मे आरोप सही होने की पुष्टि की जिसके बाद डीईओ लालजी द्विवेदी ने सहायक शिक्षक एलबी घनश्याम दास बंजारे को निलंबित कर बीईओ आफिस अटैच कर दिया है। गौरतलब है कि घनश्याम दास बंजारे इससे पहले ब्लाक के करेलागढ़ प्राशा मे पदस्थापना के दौरान भी शराब पीकर स्कूल आने, स्कूल में अध्यापन कार्य नहीं करने कराने ग्रामीणों की शिकायत और आंदोलन की सूचना पर उसे निलंबित कर साल्हे भर्ती भेजा गया था लेकिन यहां भी उसने अपने आचरण मे कोई सुधार नहीं किया जिसके चलते उसे दोबारा निलंबित होना पड़ा है। ग्रामीणों को आरोप है कि लगातार शिकायत के बाद भी शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उस पर कारवाई करने से बच रहे थे लेकिन कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने उनकी समस्या सुना और बच्चों के भविष्य को देखते हुए विभाग को फटकारा जिसके बाद ही विभाग निलंबन कर पाया।

# माहेश्वरी युवा संगठन का होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा युवा महोत्सव 2025 होली मिलन समारोह एवं तृतीय कार्यकारी मंडल व पंचम कार्यसमिति सदस्य की बैठक राजनांदगांव में जिला संगठन के आयोजकत्व व स्थानीय युवा संगठन के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

महेश वंदना व पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात दिवंगत समाजजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विगत एक वर्ष में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया गया एवं आगामी कार्यक्रमों पर विशेष चर्चा की गई। 21 व 22 जून को धमतरी जिला के आयोजकत्व में अभनपुर संगठन के आतिथ्य में अभनपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम की घोषणा व पोस्टर का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम का नाम आपणो उत्सव सांस्कृतिक महोत्सव 2025 दिया गया।

होली मिलन समारोह के साथ ही इसका समापन किया गया। बैठक में नरेश चांडक, आयुष माहेश्वरी, पवन डागा, बृजकिशोर सुरजन, प्रशांत गांधी, राजेश मंत्री, स्वराज माहेश्वरी, अरुण डागा, सौरभ सोमानी सहित प्रदेश युवा संगठन के सदस्यगण उपस्थित रहे।




### खेल महोत्सव की घोषणा

आगामी 8 व 9 नवंबर को बस्तर जिला के आयोजकत्व व सुकमा संगठन के आतिथ्य में आयोजित खेल महोत्सव 2025 की घोषणा की गई। हिंदी तिथियों एवं माहेश्वरी समाज के रीति-रिवाजों को समाहित करते प्रकाशित श्री महेश पंचांग संवत 2082 के पोस्टर का विमोचन किया गया। बहुत जल्द इसे प्रकाशित कर समाज बंधुओं तक वितरित किया जाएगा। अभियान जुड़े और जोड़े के दूसरे चरण की शुरूआत 26 व 27 अप्रैल से की जाने की घोषणा की गई। समस्त कार्यकारी मंडल एवं कार्यसमिति सदस्यों की सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून तय की गई एवं सदन की सहमति से यह प्रस्ताव भी पारित किया गया है कि शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति में सदस्य को प्रदेश युवा संगठन के आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में मत देने का अधिकार नहीं होगा।

### दो वर्षों के कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत

वहीं प्रशांत गांधी भाटापारा को मारवाड़ी युवा मंच का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर स्वागत व सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष नरेश चांडक द्वारा विगत दो वर्षों के कार्यों को संगठन के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा भी की गई। श्री चांडक ने बताया कि महेश सेवा कोष से किसी भी विशेष अवसर पर अपनों के लिए सहयोग राशि भेंट कर सहयोगी बन सकते हैं। इसे एक ट्रस्ट के रूप में संचालित करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ है। फाउंडर ट्रस्टी के रूप में 101000 रुपए की सहयोग राशि तय की गई एवं 25 ट्रस्टी बनाए गए। यह छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन का पहला ट्रस्ट होगा। इस ट्रस्ट का एकमात्र उद्देश्य अपनों की सेवा करना व अपनों को प्रोत्साहित करना है।

# संगीत के बीच मनेगी मंदराजी की जयंती

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी लोकरंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी की जयंती कार्यक्रम आगामी 01 अप्रैल को कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 में धूमधाम से मनाया जाएगा। दाऊ मंदराजी धरोहर मंच कन्हारपुरी के तत्वावधान में मंदराजी गौठान में 01 अप्रैल को आयोजित दाऊ मंदराजी जयंती का भव्य कार्यक्रम इस बार लोक गायिका प्रधान कलाकारों के रंगारंग गीत-संगीत की प्रस्तुति के बीच होगा। जिसमें पंडवानी गायन, भरथरी गायन से लेकर कर्मा, ददरिया लोक गीतों सहित एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति सुप्रसिद्ध लोक गायिकाओं व अन्य कलाकारों द्वारा दी जाएगी। वहीं कार्यक्रम में कचरा-बोदरा जैसे कामेडी का धांसू तड़का भी देखने मिलेगा। इस संबंध में लोक गायक महादेव हिरवानी के निवास कन्हारपुरी में वार्डवासियों सहित लोककला धर्मियों व लोककला अनुरागियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्षद प्रतिनिधि युवराज सिंह ढीरहेर ने की। इस अवसर पर अनुरागी राकेश इंदू भूषण ठाकुर, आत्माराम कोशा, चतुर सिंह बजरंग, नत्थन दास, छन्नुदास, महादेव हिरवानी, मनहरण साहू, सीताराम श्रीवास, मानसिंह, पवन यादव, दिनेश साहू, खेमचंद हिरवानी, लोकेश हिरवानी, सहदेव दीवान, आनंदराम सार्वा, धन्नुलाल श्रीवास, राजू नाग सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं कलाधर्मियों की उपस्थिति रही। मानसिंह मौलिक ने बताया कि एक अप्रैल की सुबह 10.30 बजे से देर शाम व रात तक दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है। उक्ताशय की जानकारी पवन यादव पहुना ने दी।

### फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को दी पर्व की बधाई

# होली मिलन व चित्रगुप्त पूजन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला कायस्थ समाज खैरागढ़ द्वारा होली मिलन व चित्रगुप्त पूजन का भव्य आयोजन किया गया। शहर के राजपूत क्षत्रिय भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज की साक्षी श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा चित्रगुप्त भगवान के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

### सेवानिवृत्त सदस्यों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में उपस्थित समाज के वरिष्ठ व हाल ही में सेवानिवृत हुए शिक्षक अमिताभ बख्शी, जल संसाधन विभाग में एसडीओ के पद से सेवानिवृत्त हुए कैलाश श्रीवास्तव व दुर्ग से आए अतिथि राजेश श्रीवास्तव का शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।



### रूपरेखा पर हुई चर्चा

कार्यक्रम में मौजूद समाज के सभी सदस्यों द्वारा समाज को आगे ले जाने और संगठित करने को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने समाज की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही गर्मी में प्याऊ घर खोलना, समाज के गरीब बच्चों की पढ़ाई हेतु सहयोग करना, जैसे कई जनहित कार्यों को लेकर चर्चा हुई।

### होली खेलकर दी बधाई

समाज के सदस्यों द्वारा राधा-कृष्ण के रूप में आए बच्चों के साथ फूलों वाली होली खेलकर व होली के गीतों पर झूमकर एक-दूसरे को होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। अंत में समाज के सदस्यों द्वारा चित्रगुप्त भगवान की पूजन व आरती कर भोजन प्रसादी ग्रहण किया गया। इस अवसर पर लखनलाल श्रीवास्तव, दुर्गेश नंदनी श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, प्रवीण बख्शी, सौरभ श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, नवदीप श्रीवास्तव, साकेत श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, रविराज श्रीवास्तव, रत्ना श्रीवास्तव, दीप्ति श्रीवास्तव, प्रिया बख्शी, सुनीता बख्शी, अमिता श्रीवास्तव व बड़ी संख्या में चित्रांश बंधु उपस्थित रहे।

# शराब दुकान खुलने से पहले विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के जालबांधा में प्रस्तावित शराब दुकान का विरोध दर्ज कराने बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से अपनी पीड़ा बताई।

आबकारी विभाग द्वारा जालबांधा में शासकीय शराब दुकान खोलने की तैयारी को गलत बताते हुए उन्होने प्रस्तावित शराब दुकान के स्थान को परिवर्तन किए जाने की मांग करते हुए कहा कि पंचायत द्वारा शराब दुकान खोलने कबीर विद्या मंदिर, गुरुकुल विद्यापीठ, नवनिर्मित महाविद्यालय भवन और बिजली ऑफिस के पास जगह का चयन किया गया है लेकिन जिस जगह पर शराब दुकान खुलना प्रस्तावित है वहाँ पहले से शालाए संचालित हो रही है।



### स्थान परिवर्तन की मांग

प्रस्तावित जगह पर शराब दुकान खुलने से रोज शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर स्कूल कॉलेज के बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा तो शिक्षण संस्थानों में आने वाले छात्राओं को भी दिक्कत होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से आस लगाते हुए कहा कि शराब दुकान का स्थान परिवर्तन करने से उक्त व्यवस्था में कोई व्यवधान नहीं होगा और शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं, शिक्षकों सहित पालको को भी बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने जालबांधा में खुलने वाले प्रस्तावित शराब दुकान का स्थान परिवर्तन किए जाने की मांग की है।

# स्टेट स्कूल में आज से डेढ़ हजार मूल्यांकनकर्ता जाचेंगे दसवीं-बारहवीं की कॉपियां, 5वीं-8वीं का मूल्यांकन करने दूसरे ब्लॉक भेजेंगे उत्तर पुस्तिकाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

परीक्षा का दौर अब समाप्त होने की ओर है। ऐसे में अब शिक्षा विभाग ने मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी है। दसवीं और बारहवीं कक्षा का मूल्यांकन आज से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए स्टेट स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है, जहां अगले एक पखवाड़े में डेढ़ हजार शिक्षक एक लाख से अधिक कॉपियों की जांच करेंगे।

इसके अलावा डेढ़ दशक बाद हो रही पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा को लेकर भी मूल्यांकन के दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पांचवी और आठवीं की कॉपियां जांचने के लिए जिले के ही दूसरे ब्लॉक में भेजने कहा गया है। पांचवी की 30 मार्च और आठवीं की कॉपियां जांचने का काम चार अप्रैल से शुरू होगा। जिले में डोंगरगढ़ एवं छुरिया ब्लॉक में एकल एवं शिक्षकविहीन स्कूल अधिक होने के चलते यहां मूल्यांकन में दिक्कतें हो सकती है। ज्ञात हो कि दसवीं-बारहवीं कक्षा के लिए मूल्यांकन करने से पहले पांच साल की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को आवेदन फार्म जमा करना होता है। जिसके बाद प्रदेश स्तर से ही मूल्यांकनकर्ताओं की जिलेवार सूची जारी की जाती है। पिछले साल लगभग 1600 शिक्षकों ने कॉपी जांचने का काम किया था। इस बार भी यह संख्या डेढ़ हजार के करीब है। इधर जिला शिक्षा अधिकारी पीएस बघेल से मिली जानकारी के अनुसार माशिमं से मिले दिशा-निर्देश के अनुसार मूल्यांकन केंद्रों में तैयारी पूरी कर ली गई है। आज से स्टेट स्कूल में मूल्यांकन का काम किया जाएगा।

## अप्रैल के पहले पखवाड़े में पूरा हो जाएगा मूल्यांकन का कार्य, अंतिम सप्ताह जारी होंगे परिणाम!

### दो खेप में आएंगी कॉपियां

मिली जानकारी के अनुसार मूल्यांकन के लिए दो खेप में उत्तर पुस्तिकाएं भेजी जाएंगी। पहली खेप में दसवीं की 22 और बारहवीं की लगभग 22 हजार कॉपियां भेजी गई है। जिले को दोनों ही कक्षाओं की 50-50 हजार कॉपियां दी जाएगी। पांच साल सेवा पूरा करने वाले डेढ़ हजार शिक्षक मूल्यांकन करने का काम करेंगे। किसी भी प्रकार की गलती से बचने के लिए एक शिक्षक रोजाना अधिकतम चालीस कॉपियां ही चेक करेगा।




### जांचने का मिलेगा मानदेय

बोर्ड कक्षा की हर कॉपी जांचने के लिए शिक्षकों को अलग से मानदेय दिया जाएगा। बारहवीं कक्षा के लिए प्रति कॉपी 11 रुपए, दसवीं के लिए दस रुपए, आठवीं के लिए तीन रुपए एवं पांचवी कक्षा के मूल्यांकन के लिए प्रति कॉपी दो रुपए का मानदेय दिया जाएगा। इसके अलावा केंद्राध्यक्ष को रोजाना डेढ़ सौ एवं सहायक केंद्राध्यक्ष को सौ रुपए का मानेदय मिलेगा।

### जिले में 16 मूल्यांकन केंद्र

करीब 16 साल बाद आयोजित की जा रही 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन की शुरूआत 30 मार्च से होने जा रही है। पांचवी का मूल्यांकन 30 मार्च से 10 अप्रैल के मध्य होगा। वहीं आठवी का मूल्यांकन 4 से 12 अप्रैल के मध्य पूरा करने का टारगेट दिया गया है। दोनों ही कक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं दूसरे ब्लॉक के शिक्षकों से चेक कराई जाएगी। इसके लिए जिले के चारों ब्लॉक में चार-चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।

## सार समाचार

### सदगुरू कबीर मंदिर आश्रम में की पूजा-अर्चना

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में विगत दिनों कैलिफोर्निया अमेरिका निवासी भक्ति मति सुशीला बेन एवं उनके साथ आएं सदगुरु कबीर दर्शनार्थी यात्रा अंतर्गत पहुंचकर श्रद्धा भक्ति से त्याग वैराग्य तपोनिषठ पंथ श्री 1008 हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य के पावन जन्म स्थली भूमि पर उनके प्रतिष्ठित माताजी के मूर्ति पर चुनरी एवं पुष्पमाला पहनाकर व मत्था टेककर दर्शन लाभ प्राप्त किया। भक्ति मति सुशीला बेन हमेशा इस पुण्य धरा धाम ग्राम पेंडरी में सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम और जन्मभूमि स्थली पर गुरु महिमा पाठ, आरती पूजन किया। इस शुभ अवसर पर केनिया निवासी पूर्णिमा मनसुख साहू डोंगरगांव, सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के महंत सेवा दास साहेब, अध्यक्ष फलेश कुमार साहू, योगदास साहू, कौशल साहू, मानिक दास साहू, गोरखदास साहू, मेघराज साहू, निरंजन धर्मपत्नी नेहा साहू, कुंती साहू, सावित्री साहू, सोनारिन साहू, जंत्री साहू ने आए हुए विदेशी मेहमानों का स्वागत सम्मान किया। जानकारी सहप्रबंधक डेहरलाल सिन्हा ने दी।



### रमन को पुरखा के सुरता की प्रति की भेंट

**राजनांदगांव।** साहू सदन बसंतपुर में जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह को साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने अपनी गद्य कृति पुरखा के सुरता की प्रति भेंट किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, जिला साहू संघ राजनांदगांव अध्यक्ष भागवत साहू को भी अपनी किताब भेंट किया।



### मानव मंदिर में खाद्य सुरक्षा की संयुक्त टीम की दबिश

**राजनांदगांव।** आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर एसडीएम खेमलाल वर्मा के मार्गदर्शन व डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त टीम का गठन कर शहर के प्रतिष्ठित मानव मंदिर होटल में अचानक दबिश दी गई।

जांच दल द्वारा मौके पर भंडारित खाद्य सामग्रियों के उचित व्यवस्थापन के निर्देश संचालक को दिए गए व नियमानुसार व्यापार करने की समझाइश भी दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव द्वारा मौके पर विक्रय हेतु भंडारित आलू, बड़ा, कचौड़ी, बेसन, तेल आदि का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु जब्त किया गया है। जांच रिपोर्ट उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। संबंधित को आवश्यक सुधार हेतु नोटिस भी जारी किया गया है। संयुक्त टीम में भूषण प्रताप, जितेन्द्र साहू, लक्ष्मीनारायण व पुलिस जवान शामिल रहे।

### मंत्री ने पूछा हालचाल

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जिला हॉस्पिटल राजनांदगांव में पहुंचकर प्रदेश युवा देवांगन समाज छत्तीसगढ़ के सचिव एवं राजनांदगांव नगर देवांगन समाज के युवा अध्यक्ष अंकित देवांगन का स्वास्थ्य का हालचाल पूछा और जल्द ठीक होने की कामना की। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने हॉस्पिटल के अंकित देवांगन की सुविधा के बारे में भी पूछा।



## विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं का निराकरण

# विस अध्यक्ष ने सुनी जनता की समस्याएं गिरते भू-जल स्तर को लेकर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह आज अपने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने अपने निवास कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनी और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। वहीं विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं के निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया।

अपने विधानसभा पहुंचे डॉ. रमन सिंह ने कर्मा जयंती को लेकर साहू समाज सहित प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कर्मा माता ने अपनी भक्ति से ऐसी शक्ति दिखाई थी कि भगवान कृष्ण को भी बाल रूप में उनके पास आना पड़ा था। उन्होंने कहा कि माता कर्मा के दिखाएं रास्ते पर चलकर आज साहू समाज आगे बढ़ रहा है।



### पंचायत मंत्री करेंगे निराकरण

छत्तीसगढ़ प्रदेश में पंचायत सचिव की हड़ताल की वजह से कार्य प्रभावित होने और उनकी मांगों को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पंचायत सचिवों की मांगे हैं, उनकी समस्या का निराकरण पंचायत मंत्री करेंगे।

### जल स्रोतों को लेकर कार्ययोजना

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से सूखते नलकूप व तालाबों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार भू-जल स्तर तेजी से गिर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी गर्मी को लेकर दो-ढाई महीने का वक्त और है और भू-जल का स्तर अभी से गिरना एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में यह मामला आया था। जिसको लेकर गांव में जो समस्या हो रही है, उस पर योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध हो जाएगा, लेकिन मवेशी और निस्तारी के लिए संकट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पीएचई विभाग जल स्रोतों को लेकर योजना बना रही है।

### अवैध बिक्री रोकने नई दुकान

जिले में अवैध शराब की बढ़ती बिक्री और सरकार द्वारा नई दुकान खोले जाने के मामले को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कोचिये कम कैसे हो, इसको लेकर विभाग ने एक विकल्प के रूप में जिन क्षेत्रों में ज्यादा अवैध शराब के मामले आ रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर नए दुकान प्रस्तावित कर रही है, ताकि जहरीली और अवैध शराब को रोका जा सके।

### पारदर्शी तरीके से हो रहा काम

ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद विकास कार्यों की तेजी को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विकास के कार्य प्रदेश में काफी रफ्तार से हो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने तेजी से काम किया जा रहा है। अधिकांश वादे पूरे हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य पारदर्शिता के साथ सरकार कर रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अव्यवस्था को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि व्यवस्था में कमियां है, समय रहते इन कमियों को ठीक करने स्वास्थ्य मंत्री से मैंने कहा है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर बना है। जिसमें जनता को पूरी सुविधा मिलनी चाहिए।

## वारंटी गिरफ्तार पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने 3 स्थायी वारंटी एवं 2 गिरफ्तारी वारंट तामील कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फरार आरोपियों, अवैध शराब बेचने वाले, असामाजिक तत्वों की पता-तलाश अभियान कार्रवाई किया जा रहा है।

इसी दौरान माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंटी जो पांच वर्षों से मारपीट के मामले में फरार थे, जिन्हें विश्वस्त मुखबीर की सूचना पर स्थायी वारंटी मनीष यदु 23 वर्ष, परमेश्वर यादव 28 वर्ष, जितेन्द्र कुमार 32 वर्ष साकिनान लालबहादुर नगर को उनके निवास से पकड़कर वारंट तामील कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

उसके बाद आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

इसी प्रकार अस्थायी गिरफ्तारी वारंटी हंसराज साहू 24 वर्ष निवासी ग्राम कोलिहापुरी, मनोज चंद्राकर 42 वर्ष निवासी महराजपुर पुलिस चौकी चिचोला को वारंट तामील कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

उक्त कार्रवाई में पुलिस चौकी प्रभारी चिचोला उपनिरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, सहायक उपनिरीक्षक मो. शरीफुददीन शेख, प्रधान आरक्षक धनश्याम वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार साहू, आरक्षक दिलीप बांधे, विष्णु साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकलेगी सनातन एकता यात्रा




**राजनांदगांव।** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर 29 मार्च को सनातन धर्म महासभा द्वारा शहर में भव्य सनातन एकता शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा को लेकर समिति से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रेस कॉन्फ्रेस कर आयोजन के संबंध में जानकारी दी और बड़ी संख्या में सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं से आयोजन में शामिल होने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेस के दौरान सनातन सेवा महासभा के संतोष पटाक, शारदा तिवारी, सुदेश देशमुख, शिव वर्मा, राकेश ठाकुर, सौरभ खंडेलवाल, मौसमी शर्मा, राजेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी ने कहा कि हिन्दू नववर्ष चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर यह यात्रा निकाली जा रही है।

### बालाजी मंदिर से यात्रा

सनातन धर्म महासभा द्वारा धूमधाम से सनातन एकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा बालाजी मंदिर गंज लाइन से दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करेगी। सनातन एकता यात्रा बालाजी मंदिर गंज लाइन से पूजा-अर्चना कर प्रारंभ की जाएगी, जो कि पुराना गंज लाइन, तिरंगा चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बालगोविंद चौक, बसंतपुर थाना, सदर बाजार होते हुए बालाजी मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### सभी धार्मिक संगठनों से शामिल होने की अपील

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पदाधिकारी ने कहा कि सनातन एकता यात्रा का मुख्य उद्देश्य सभी सनातनी भाइयों को एकजुट करना है। सनातन धर्म वह धर्म है। जिसका प्रारंभ तो है, मगर अंत नहीं। वहीं उन्होंने जात-पात की करो विदाई, हम सब हिन्दू भाई-भाई की अपील करते शहर के सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं, सभी गणेश, दुर्गा उत्सव समिति एवं सभी मंदिरों व हिन्दू संगठनों से सनातन एकता यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## लिटिया में शराब दुकान के प्रस्ताव का महिला संगठनों ने किया विरोध



**नहीं देंगे भूमि :** पूर्व सरपंच गोपीचंद गायकवाड़ ने बताया मदिरा दुकान के लिए आवश्यक भूमि ग्रामवासियों द्वारा नहीं दी जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम लिटिया में प्रदेश सरकार द्वारा शराब दुकान खोले जाने की योजना का ग्राम लिटिया की मातृशक्ति ग्राम संगठन ने विरोध करते बड़ी संख्या में विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय पहुंचकर गांव में शराब दुकान नहीं खोले जाने को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है और विधानसभा अध्यक्ष से प्रस्तावित शराब दुकान निरस्त कराए जाने की मांग की है। विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत लिटिया की महिलाओं ने कहा कि लिटिया में देशी/विदेशी मदिरा दुकान खोले जाने की योजना है। जिसके विरोध में एक सामान्य सभा का आयोजन ग्राम पंचायत भवन लिटिया में किया गया था।

### बहिष्कार की चेतावनी

महिलाओं ने कहा कि गांव में मदिरा दुकान खुलने के विरोध के बाद भी दुकान खोली जाती है तो ग्राम पंचायत लिटिया द्वारा शासन की समस्त कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा इस मदिरा दुकान के विरोध में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### धनगांव में खुले दुकान

जनपद सदस्य दीपा बंजारे ने कहा कि लिटिया में शराब दुकान नहीं खोले जाने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह ने शराब दुकान नहीं खुलने को लेकर आश्वासन दिया है। जनपद सदस्य ने कहा कि लिटिया के समीप ग्राम धनगांव है, जहां के लोग अपने गांव में शराब दुकान खुलवाने तैयार है। शासन चाहे तो धनगांव में शराब दुकान खोलें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## भक्त माता कर्मा जयंती में शामिल हुए विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह

# राज्य के विकास में योगदान दे रहा साहू समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज भक्त माता कर्मा जयंती अवसर पर साहू सदन बसंतपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भक्त माता कर्मा जयंती पर साहू समाज के साथ-साथ प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज पूरी दृढ़ता, ईमानदारी, परिश्रम एवं मजबूती के साथ खड़ा है। साहू समाज मेहनतकस होने के साथ-साथ धार्मिक प्रवृत्ति वाला है। यह एक ऐसा समाज है, जो नशे से दूर रहकर राज्य के विकास में अपना योगदान दे रहा है।

उन्होंने भक्त माता कर्मा का स्मरण करते कहा कि उन्होंने अपने भक्ति बल पर बालक श्रीकृष्ण का आह्वान किया था। विधानसभा अध्यक्ष ने साहू समाज के निर्मित भवन में डोम निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इस दौरान पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व सांसद दीपक बैज, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

पूर्व सांसद दीपक बैज ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। भागवत साहू ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, खेदूराम साहू, गीता घासी साहू, कोमल सिंह राजपूत, पदम कोठारी सहित साहू समाज के अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।




### बुराइयों का त्याग कर बढ़े आगे

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने साहू समाज को शुभकामनाएं देते कहा कि माता भक्त कर्मा का जीवन हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस अवसर पर समाज की वर्षभर की संपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा की जानी चाहिए और जिन क्षेत्रों में समाज एवं समाज के लोग आगे बढ़े हैं, उन्हें रेखांकित किया जाना चाहिए। इसके अलावा समाज अच्छाईयों को अपनाए, बुराईयों का परित्याग करें, समाज में व्याप्त रूढ़िवादी विचारों और परंपराओं का परित्याग कर आगे बढ़े।

### डाक टिकिट जारी

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ को पलायन करने वाला और पिछड़े राज्य के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब देश में विकास के मामले में बहुत तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने आशा व्यक्त करते कहा कि 2047 से पहले छत्तीसगढ़ देश के पहले तीन राज्यों में विकास के मामले में अपना स्थान बना लेने में सफल होगा। उन्होंने बताया कि भक्त माता कर्मा जयंती पर रायपुर में डाक टिकट जारी किया गया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई दी।

JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
आवश्यकता है
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को केवल राजनांदगांव के लिए निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सेल्समेन | 5 पद |
| 2. | टेली कॉलर | 2 पद |
| 3. | कम्प्यूटर आपरेटर | 2 पद |
| 4. | ड्राइवर | 1 पद |

संपर्क स्थल : जैन मोटर्स
रायपुर नाका के पास, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, जी. ई. रोड, राजनांदगांव.
संपर्क - 9977184777, 9827953976, 9406347697

## खबर संक्षेप

### राजेंद्र पटेल हरदिहा मरार-पटेल समाज मुंगेलीराज महासभा के महासचिव बनाए गए



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र ग्राम पंचायत पेंड्रीकला निवासी हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक एवं संयोजक को हरदिहा मरार-पटेल समाज मुंगेलीराज महासभा के महासचिव बनाया गया। राजेंद्र पटेल के समाजसेवी कार्य को देखते हुए उनके संगठन हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम एवं समाजिक कार्यकर्ता गण व हरदिहा मरार-पटेल समाज मुंगेलीराज महासभा के समस्त पदाधिकारियों के साथ-साथ पटेल समाज में खुशी का माहौल है तथा क्षेत्रवासियों में उत्साह और उमंग की लहर है। राजेंद्र पटेल ने समाज सेवा एवं जनहित तथा जनकल्याण के लिए अपना तन-मन-धन अर्पित करके निःस्वार्थ निःसंदेह कार्य कर और उसी का फल आज राजेंद्र पटेल समाज के निगाह में आया और महासचिव नियुक्त किया गया है। जिससे क्षेत्रवासियों में बधाई देने वालो का सिलसिला लगातार लगा रहा।

### नवयुवक गन्धर्व समाज का होली मिलन एवं महिला सम्मान कार्यक्रम मनाया



**हरिभूमि कवर्धा।** रविवार को जिला गन्धर्व समाज द्वारा मां सरस्वती मंदिर परिषर में गन्धर्व समाज द्वारा जिला स्तरीय होली मिलन समारोह में महिला सम्मान का आयोजन नव-युवक गन्धर्व समाज के तत्वाधान मे किया गया। जिसमें सर्वप्रथम बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। तद्उपरांत जिले के गन्धर्व समाज द्वारा ढोल-नगाड़ों में होली गीत की मनोहर गीत गाते हुए समाज को होली के रंग में सराबोर कर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ गन्धर्व समाज को गौरवान्वित कार्य करने वाले उत्कृष्ठ बच्चों, माताओं व बहनों को गन्धर्व समाज द्वारा गौरव सम्मान प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष नारद राम गंधर्व, जिला अध्यक्ष सेवक राम गंधर्व, उपाध्यक्ष गणेश राम गंधर्व व चंद्राकुमार गन्धर्व, कोषाध्यक्ष बाबूराम गन्धर्व, सचिव रामनारायण गन्धर्व, सहसचिव सीताराम गंधर्व, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम गंधर्व, पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष सुखराम गन्धर्व, स.लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष मोहनराम गंधर्व सहित समाज के लोगो ने अधिक संख्या मे भाग लिया। समारोह में महिला सम्मान कार्यक्रम में सम्मान हेतु सुमन, उर्मिला, कौशिल्या, उर्वशी, उषा, विजयलक्ष्मी, पार्वती, पुष्पा, कुंती, नेमिन, कुमुदनी, पूजा, आशा, शबद बाई, पूनम पूर्णिमा, गायत्री, सुशीला, सावित्री, दुर्गा, पुष्पा देवी, मीना, नेमिन, प्रेमकुमारी, गीता सहित सैकड़ो महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### राष्ट्रव्यापी महा परीक्षा अभियान में महिलाओं में दिखा उत्साह



**कवर्धा कोलेगांव।** रविवार को राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में नियुक्त ग्राम प्रभारी व केंद्राध्यक्ष बैजनाथ चंद्रकार, अशोक चंद्रवंशी, पर्यवेक्षक बुद्धेश्वर रामप्रधान, जानकी चुरेन्द्र, दीपा राठौर एवं समस्त स्वयंसेवी शिक्षक ओमप्रकाश निर्मलकर, रमेश कुमार, सुदर्शन चंद्राकर, होरीलाल, दामेश्वरी पटेल, पूजा चंद्रवंशी, साधना यादव, लल्ली बर्वे, श्रीमती प्रीति पटेल, श्रीमती चंद्रा यादव, श्रीमती संतोषी टंडन द्वारा राष्ट्रव्यापी महा-परीक्षा अभियान का सफल संचालन करते हुए अपने पंचायत को दिए गए 70 असाक्षरों की निर्धारित लक्ष्य संख्या को इस महापरीक्षा अभियान में शामिल करने में सफल हुए। इस परीक्षा महा अभियान में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, एक परीक्षा केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला पेंड्रीकला था जहां 50 शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल करने एवं शेष 20 शिक्षार्थियों को दूसरे परीक्षा केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा में बनाया गया। परीक्षा के दौरान विकासखंड पंडरिया के परियोजना अधिकारी एसपी ड़डसेना एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी द्वारा केंद्र का मॉनिटरिंग किया गया जहां परीक्षा का संचालन बहुत ही सराहनीय पाया गया।

दो दिवसीय सजेगा मंच, बॉलीवुड, छालीवुड, भारतीय संस्कृति की अलग-अलग विधाओं की होगी प्रस्तुतियां

# भोरमदेव महोत्सव की तैयारियां पूरी कलेक्टर ने अंतिम तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक धरोहर भोरमदेव में 26 व 27 मार्च को आयोजित होने वाले 29वें भोरमदेव महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह महोत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं सहित ऐतिहासिक महत्व के स्थलों की ख्याति और वैभव, समृद्ध इतिहास को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की श्रृंखला को आगे बढ़ाएगा। इस बार के भोरमदेव महोत्सव में देशभर के प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। भजन संध्या में अंतर्राष्ट्रीय सुप्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी अपनी मधुर आवाज से शिव भक्ति की महिमा भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देंगे। छत्तीसगढ़ी लोक संगीत में पद्मश्री अनुज शर्मा की प्रस्तुति महोत्सव को खास बनाएगी। वहीं सुपर डांसर फेम अनिल टांडी का डांस परफॉर्मेंस दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच गहना गांठी के माध्यम से प्रमोद सेन एवं उनके साथी लोककला की झलक प्रस्तुत करेंगे। महोत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत, दर्शकों की बैठक व्यवस्था, वाहन पार्किंग, पेयजल, बिजली और स्वच्छता जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उनके साथ जिला पंचायत सीईओए जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थें।






### विधानसभा अध्यक्ष डॉ सिंह करेंगे 29वां भोरमदेव महोत्सव का शुभारंभ

29वां भोरमदेव महोत्सव का विधिवत शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। वहीं समापन समारोह 27 मार्च को होगा जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता भी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे।

### भोरमदेव महोत्सव 26 एवं 27 मार्च को भक्ति-कला और संस्कृति का भव्य संगम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा छत्तीसगढ़ में पुरातत्व, धार्मिक, आध्यत्म, पर्यटन, कला संस्कृति ऐतिहासिक महत्व के स्थलों को सहेजने तथा पुरातत्व महत्व के स्थलों की ख्याति को और बढाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशन में कलेक्टर गोपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक महत्व के स्थल भोरमदेव महोत्सव का 29 वां महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई है। 26 एवं 27 मार्च को आयोजित इस दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव में देश के अलग अलग राज्यो की कला, संस्कृति की छटा बिखरेगी। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी लोककला, पारंपरिक नृत्य और भक्ति संगीत की अनुपम प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। भोरमदेव मेला परिसर में होने वाले इस भव्य आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## उमाशंकर कश्यप सामाजिक सेवा के क्षेत्र में युवा आईकान अवार्ड से सम्मानित




■ उत्कृष्ट कार्य करने पर देशहा कुर्मी क्षत्रिय समाज से सम्मानित हुए श्री कश्यप।

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

केन्द्रीय महासभा देशहा कुर्मी क्षत्रिय समाज का जिला मुंगेली के नगर पंचायत जरहागांव में 39 वार्षिक अधिवेशन-आमसभा का आयोजन किया गया। वहीं पदाधिकारी, वरिष्ठजनों, युवाओं, नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्याय, सरपंच एवं पंच की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में उमाशंकर कश्यप को सामाजिक कार्य के क्षेत्र में युवा आईकान अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। समाज द्वारा उमाशंकर कश्यप के द्वारा किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, यह सम्मान महासभा के अध्यक्ष हीरासिंह कश्यप, उपाध्यक्ष एमआर कश्यप, महासचिव रामशंकर कश्यप ने उमाशंकर के बारे में कहां कि ग्राम कोसमतरा, विकासखंड लोरमी से निकलकर 2014 से आस्था समिति अध्यक्ष दौलत राम कश्यप के नेतृत्व में जिले से देखभाल एवं संरक्षण वाले बालकों, पिछड़े, शिक्षा, स्वास्थ्य, वंचित समुदाय, शोषित, दिव्यांगजनों, आदिवासी, विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के बीच एवं शासन-प्रशासन के योजनाओं को लेकर जागरूकता के माध्यम 10 वर्षों से अधिक संवेदनशील के साथ अनवरत समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। उमाशंकर कश्यप को इसके पहले गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड 2025, सिंबाल आफ नालेज भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड 2024 बिलासपुर एवं सावित्रीबाई फुले गौरव अवार्ड 2023 चितौड़गढ़ से सम्मानित किया जा चुका है, उमाशंकर ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वीं एपिसोड राजभवन रायपुर में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य अतिथि में शामिल हुआ हैं, जिला प्रशासन मुंगेली द्वारा गणतंत्र दिवस अवसर पर वर्ष 2019 एवं 2020 को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए महासभा के सभी पदाधिकारी गण, देश के अलग-अलग राज्य एवं छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न जिले से समाजसेवी, मित्र ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सुरेठी कुर्मी वर्मा समाज का होली मिलन व नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

जिला सुरेठी कुर्मी वर्मा द्वारा पोड़ी सामाजिक भवन में विशेष बैठक जिसमें सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सुरेठी कुर्मी समाज अध्यक्ष शिव प्रसाद वर्मा ने कहा जिस प्रकार अंगूर का गुच्छा जब तक एक साथ रहती है, तब तक कीमत ज्यादा होती है। लेकिन वही अंगूर का गुच्छा जब टूटकर अलग हो जाती है, तब उसका कीमत कम हो जाती है। इसी प्रकार जब तक हम सब समाज से जुड़े रहेंगे, तब तक हमारा समाज राजनीतिक, आर्थिक, व्यापारिक सहित हर क्षेत्र में महत्व बढ़ता रहेगा।

सभी सामाजिक बंधुओं का समाज के प्रति भागीदारी एवं निरंतर प्रयास ही सबका अनुकरणीय कार्य है। तत्पश्चात भारतीय परंपरा अनुरूप होली मिलन एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में जनमानस द्वारा चुने गए समाज के 18 जनप्रतिनिधियों का प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह सहित गमछा व श्रीफल भेंटकर वरिष्ठजनो द्वारा सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप भरत वर्मा, भगवती वर्मा, लुधराम वर्मा, रामाधार वर्मा, बहोरीक वर्मा, रवि वर्मा, रधवा वर्मा, श्याम वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, मोतीराम वर्मा, सीताराम वर्मा, कन्हैया वर्मा, गनीराम वर्मा, पंचूराम वर्मा, चरण वर्मा, विश्राम वर्मा, अमर वर्मा, मनहरण वर्मा, होरीराम वर्मा, केशव वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, प्रवीण वर्मा, मगन वर्मा, भागवत वर्मा, दिनेश वर्मा, धनराज वर्मा, कैलाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

### उत्कृष्ट विधायक सम्मान के बाद पंडरिया पहुंची भावना का किया भव्य स्वागत



**हरिभूमि पंडरिया।** नगर पंचायत पंडरिया में सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीमती भावना बोहरा को छत्तीसगढ़ शासन, छत्तीसगढ़ विधानसभा मे सर्वश्रेष्ट उत्कृष्ट विधायक के सम्मान मिलने के बाद प्रथम आगमन पर नगर पंचायत पंडरिया स्थित गांधी चौक में मंडल एवं आमजनों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षदगण एवं मंडल अध्यक्ष तथा सभी पदाधिकारी महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा और वरिष्ठ गणमान्य गण उपस्थित थें। तत्पश्चात ग्राम मैनपुरा मे भी पदाधिकारी एवं आमजनों द्वारा भव्य स्वागत आतिशबाजी, बाजे-गाजे के साथ आत्मीय स्वागत किया गया जिस पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं अपितु यह सम्मान पूरे पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों का स्नेह एवं प्यार और सहयोग है जिसके कारण मुझे उस स्थान पर खड़ा होने का अवसर मिला और हर एक विषय को विधानसभा के पटल पर रखने का कोशिश किया और शासन का ध्यान आकृष्ट कराया और मेरा यह प्रयास रहेगा कि पंडरिया क्षेत्र के लिए क्या अच्छा कर सकू जिसका लाभ सभी क्षेत्रवासियो को मिले। अंत मे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### नपं पाण्डातराई में विधायक भावना का भव्य स्वागत हुआ



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को छत्तीसगढ़ विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ उत्कृष्ट विधायक के सम्मान में मिलने के पश्चात प्रथम नगर पंचायत पाण्डातराई आगमन पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य आतिश व फूल माला के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। जिस पर उन्होने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों के सहयोग से यह सब हुआ है, सदैव क्षेत्रवासियों की समस्याओं को लेकर हमेशा बात रखेगी एवं पूरे विधानसभा के विकास के लिए मेरा पूरा प्रयास रहेगा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, पार्षद रामू पांडेय, सुशील गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अजय गिरी, भीषण तिवारी, तुलसी मल्लाह, बाबन सोनी, मनोज गोयल, घनश्याम तिवारी, सुरेंद्र कुंभकार, अखिल सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी गण उपस्थित थे।

// ईश्तहार //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम रेहुंटा खुर्द तहसील पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) का निवासी हूं। टिकालाल, रूपबाई, राजकुमारी, हिमांशु खाण्डे एवं सुनिता बाई के संयुक्त नाम की भूमि जिसका खसरा नंबर 11/4 रकबा 2 एकड 13 डिस्मिल प.ह.नं. 31/25 तहसील पण्डरिया, जिला- कबीरधाम में स्थित है और उनके द्वारा राकेश कुमार साहू आत्मज नत्थुराम साहू ग्राम कोड़ापुरी तहसील पण्डरिया, जिला- कबीरधाम वाले के पक्ष में उपरोक्त दर्शित खसरे नंबर की भूमि जिसका रकबा 2.13 डि. है को 94,50,000 रूपये विक्रय किये जाने का ईकरार नामा दिनांक 09/06/2022 को निष्पादित किया है।

ज्ञात हुआ है कि इकरार कर्ता गणों के द्वारा उक्त ग्राम स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर एवं रकबा दर्शित है को किसी उक्त व्यक्ति के पास विक्रय किये जाने हेतु इकरारनामा निष्पादित किये है जो पूर्णतः कानून के विपरीत है। जो कोई भी उक्त भूमि को इकरारकर्ता गणों से अपने नाम पर विक्रय करायेगा तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी उसकी रहेगी और उसके विरूद्ध विक्रेतागणों के खिलाफ इकरारग्रहिता राकेश कुमार साहू के द्वारा कानूनी कार्यवाही की जावेगी एवं खरीददार एवं विक्रेतागणों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी। तदानुसार सूचना जाने।

दिनांक - 25/03/2025

सूचनाकर्ता
राकेश कुमार साहू पिता नत्थुराम साहू
कोड़ापुरी, तह. पण्डरिया,
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

मुहर

चारों विकासखंड के सामाजिक सदस्य व गणमान्य नागरिक शामिल हुए

## निर्मलकर समाज ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुण्डा



नर्मदा धाम ग्राम जुनवानी-लिमो में निर्मलकर समाज द्वारा नव-निर्वाचित नगर पंचायत उपाध्यक्ष, चारों विकासखंड के ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच तथा पंचों का भव्य स्वागत सम्मान किया गया। सर्व प्रथम समाज के जनक संत शिरोमणि गाडगे बाबा के तैलचित्र में समाज के वरिष्ठजन एवं नव-निर्वाचित जन प्रतिनिधियों द्वारा पुष्पमाला एवं गुलाल लगाकर पूजा-अर्चना किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शिवकुमार निर्मलकर ने स्वागत भाषण में समाज को संबोधित करते हुए कहा कि निर्मलकर समाज द्वारा इतिहास में यह प्रथम अवसर है, कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों, सेवानिवृत्त कर्मचारी का विदाई समारोह तथा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। टीआर निर्मलकर एवं लखन लाल निर्मलकर ने भी समाज को संबोधित किया। बुधारी राम निर्मलकर सेवा निवृत प्रधान पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के इस आयोजन से समाज को एक नई दिशा प्राप्त हुआ है, इससे समाज जागरूक होगा। इसी प्रकार का कार्यक्रम भविष्य में भी होता रहे ताकि भावी पीढ़ी इसका अनुकरण कर सके। सेवानिवृत्ति कर्मचारी निर्मलकर को समाज द्वारा सम्मान मिलने से काफी प्रभावित हुए उन्होंने समाज को स्वेच्छा से रू 5051 रुपए नगद राशि दिए। नवनिर्वाचित लव निर्मलकर, जेठूराम निर्मलकर, नरेंद्र कुमार निर्मलकर, श्रीमती सुरेखा पुरषोत्तम निर्मलकर, उपसरपंचों, पार्षद तथा पंचों को श्रीफल फूलमाला व स्मृति चिन्ह तथा साल देकर समाज द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में चारों विकासखंड के सामाजिक बंधु व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। कार्यक्रम का सफल संचालन पुरुषोत्तम निर्मलकर तथा आभार प्रदर्शन महेश कुमार निर्मलकर द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप




### चंदनिया कुर्मी समाज का होली मिलन आज

**कुण्डा।** ग्राम कुण्डा में बुधवार को जिला चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला कबीरधाम के तत्वधान में भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। है। जिला अध्यक्ष चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं सरपंच कुण्डा हरेंद्र चंद्राकर से मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च 2025 दिन बुधवार को ग्राम कुण्डा में चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा जिला स्तरीय भव्य होली मिलन एवं समाज से नव निर्वाचित पंच, सरपंच, उपसरपंच, जिला, जनपद सदस्य, पार्षद एवं अध्यक्ष की सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित है। हरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि होली मिलन एवं समान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा उपस्थित रहेंगी। अध्यक्षता पूर्व विधायक पंडरिया ममता चंद्राकर करेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के वरिष्ठजन उपस्थिति रहेंगे। उन्होंने बताया कि होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम 26 मार्च बुधवार को दोपहर 01 बजे से मुंगेली रोड दाऊ तालाब के पास निर्माणाधीन सामाजिक भवन के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

### चिल्फी पहुंची सामाजिक यात्रा का भव्य स्वागत

**चिल्फीघाटी।** गठेठवार यादव की प्रदेश स्तरीय सामाजिक समरसता यात्रा के चिल्फी पहुंचने पर यात्रा का समाज के लोगों तथा ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि यह यात्रा 22 मार्च को महादेव घाट रायपुर से प्रारंभ होकर खैरागढ़, गंडई छुई खदान होते हुए मध्य प्रदेश के लांजी, दमोह, कन्या होते हुए 24 मार्च को चिल्फी घाटी पहुंची। जहां यात्रा का ठेठवार यादव समाज के युवा प्रकोष्ठ एवं वरिष्ठों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के अध्यक्ष परमानंद यादव, महासचिव नरोत्तम यदु, प्रवीण यादव, लालाराम यदु, विष्णु प्रसाद यदु, राजेश कुमार यदु, भूरे लाल यादव, जीवन यादव, राजू यादव, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार यदु सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# कवर्धा सहित अंचल में श्रृद्धा भक्ति के साथ मनाई गई मां कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भगवान श्री कृष्ण की अन्नय भक्त एवं साहू समाज की कुल देवी भक्त मां कुर्मी की जयंती 24 मार्च को कवर्धा सहित समूचे जिले में साहू समाज द्वारा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा कई धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। भक्त मां कर्मा की जयंती के मौके पर कवर्धा नगर तहसील साहू संघ द्वारा जहां प्रातः काल 07 बजे प्रभातफेरी मंडली के साथ मां कर्मा की पूजा आरती की वहीं प्रातः 09 बजे युवाओं के द्वारा मोटर साइकिल रैली नगर में निकाली गई। 11 बजे सत्यनारायण पूजा, दोपहर 01 बजे भोजन भंडारा, दोपहर 03 बजे वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं शाम को नगर में स्थानीय मां कर्मा मंदिर परिसर लोहारा नाका स्थित सामाजिक भवन से भव्य शोभा यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान एक सजे धजे रथ में मां कर्मा की मनमोहक झांकी सजाई गई थी और उसे आकर्षक ढंग से सजाया गया थी। इस भव्य एवं विशाल शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में साहू समाज के महिला, पुरूष, युवा तथा बुजुर्ग जन शामिल थे। युवाओं का उत्साह व जोश शोभायात्रा में देखते ही बन रहा था। वे डीजे व धुमाल की धुन में झूमते नाचते चल रहे थे। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए मां कर्मा मंदिर परिसर लोहारा नाका स्थित भवन में समाप्त हुई। कवर्धा की ही तरह जिले के गांव-गांव में स्थापित भक्त मां कर्मा के मंदिरों में जयंती के रोज साहू समाज के लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना की और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से भक्त मां कर्मा की जयंती मनाई है।

## भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थी मां कर्मा देवी



उल्लेखनीय है कि भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त, मां कर्मा देवी, जिन्हें कर्मा बाई के नाम से भी जाना जाता है, की भक्ति और श्रद्धा की अद्भुत कथा आज भी जन-जन में पूजनीय है। उनका जन्म चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी, उत्तर प्रदेश के साहू परिवार में हुआ था। मां कर्मा देवी का जन्म विक्रम संवत 1073 ई. में हुआ था। वे बचपन से ही धार्मिक प्रवृत्ति की थीं और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी भक्ति अप्रतिम थी। दिन-रात श्रीकृष्ण के भजन-पूजन, ध्यान और आराधना में उनका मन लगा रहता था। कहते हैं कि उनके भजन सुनकर भक्तों का मन झूम उठता था और सभी को भगवान की उपस्थिति का अनुभव होता था।

### खिचड़ी का अद्भुत प्रसाद और भगवान का प्रेम

मां कर्मा देवी रोज भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग लगाती थीं। ऐसी मान्यता है कि भगवान स्वयं उनके हाथों से बने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करते थे। आज भी जगन्नाथ मंदिर में खिचड़ी का भोग अर्पित किया जाता है, जो मां कर्मा देवी की भक्ति का प्रतीक है। जब मां कर्मा देवी ने अपने पति के निधन पर सती होने का संकल्प लिया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें समझाया। भगवान की इस प्रेरणा से उन्होंने अपने जीवन को धर्म और भक्ति के मार्ग पर समर्पित कर दिया। मां कर्मा देवी का जीवन न केवल भक्ति की गहराइयों को दर्शाता है, बल्कि समाज सुधार की प्रेरणा भी देता है। उनका परोपकारी स्वभाव और समाज कल्याण की भावना आज भी अनुकरणीय है।

## अनियमितता: जांच समिति के भौतिक सत्यापन में मामले का खुलासा

# धान खरीदी केन्द्रों से लाखों का धान गायब, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन द्वारा समर्थन मूल्य में किसानो से धान खरीदी किए जाने के महिनो बाद भी जिले की अधिकांश समितियों में उठाव के आभाव में असुरिक्षत ढंग से पड़े धान के अब गायब होने की शिकायतें सामने आ रही है। बताया जाता है कि हाल ही में संबंधित विभाग द्वारा जिले की समितियों में कराए गए धान के भौतिक सत्यापन के बाद हजारों क्विंटल धान गायब पाया गया। जिसके बाद अब समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला जिले के विकासखण्ड पंडरिया के सराईसेत से सामने आया है जहां लाखो की धान गायब पाई गई है। जिसकी भरपाई के लिए अब समिति प्रबंधक को नोटिस जारी किया गया है। ऐसी ही शिकायत उपार्जन केंद्र बघर्रा से भी सामने आने की जानकारी मिली है। यहां भी भौतिक सत्यापन में करीब 59 लाख रूपए से अधिक की गड़बड़ी पाई गई है। जिसके बाद कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा ) पण्डरिया द्वारा समिति प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिसमें साफ-साफ लिखा है कि राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मण्डी टीम के संयुक्त जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार 07 मार्च 2025 को उक्त जांच दल के द्वारा धान उपार्जन केन्द्र बघर्रा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऑनलाईन प्रदर्शित शेष धान मात्रा 7661.48 क्विंटल में से 5755.20 धान ही भौतिक रूप से परिसर में उपलब्ध पाया गया। इस प्रकार उक्त परिसर में 1906.28 क्विंटल धान की कमी पाई गई। भौतिक रूप से अनुपलब्ध धान का मूल्य राशि 59,09,468.00 बताया गया है।

## जिले के अधिकांश केन्द्रों अभी धान का भारी स्टाक



यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी समाप्त हुए करीब चार माह बीत चुके हैं लेकिन आलम ये है कि अभी भी जिले की अधिकांश समितियों में उठाव के आभाव में लाखों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे असुरिक्षत रूप से पड़ा हुआ है। ऐसे में निश्चित रूप से धान के चोरी होने, खराब होने सहित अन्य प्रकार के नुकसान की संभावना बनी रहती है। सच ये भी है कि इस धान को उठाने के लिए लगातार समिति प्रबंधकों द्वारा शासन, प्रशासन तथा संबंधित विभाग से पत्र व्यवहार किया जा रहा है। लेकिन इस पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। यही वजह है कि जिले की समितियों से अब इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं।

# वन विभाग ने जब्त किया चार नग सागौन का लट्ठा



■ जिले के वन परिक्षेत्रों से लगातार सामने आ रहे अवैध लकड़ी तस्करी के मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वन परिक्षेत्र कवर्धा सामान्य एवं पंडरिया पश्चिम अंतर्गत अवैध लकड़ी परिवहन पर नियमानुसार कार्यवाही कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। लकड़ी एवं वाहन जप्त कर सुपुर्द में लिया गया तथा वाहन राजसात की कार्यवाही प्रकियाधीन है। वनमंडलाधिकारी कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 मार्च को कवर्धा सामान्य परिक्षेत्र के सरोधा वनवृत्त अंतर्गत झण्डी परिसर कक्ष क्रमांक पीएफ 320 में अवैध रूप से परिवहन करते सागौन लठ्ठा 4 नग कुल 0.599 घमी एवं स्कार्पियो वाहन मौके पर जप्त कर सुपुर्द में लिया गया। इसी प्रकार वन परिक्षेत्र पंडरिया पश्चिम में वनो के आसपास के गांवों में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों मे ईंट को पकाने हेतु चोरी छिपे वनो से अवैध रूप से लकड़ी लाकर उपयोग किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर वनमंडलाधिकारी कवर्धा, वनमंडल के निर्देशन, उप वनमंडलाधिकारी पंडरिया के मार्गदर्शन तथा परिक्षेत्राधिकारी पंडरिया पश्चिम के कुशल नेतृत्व मे वन क्षेत्रो मे विशेष गश्ती के तहत पंडरिया पश्चिम परिक्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा 23 मार्च को रात्रि गश्ती के दौरान ग्राम पुटपुटा से सेंदूरखार मार्ग मे डोकरी घटिया के पास मे एक नग ट्रेक्टर ट्राली मे अवैध रूप से ईंट भट्टे में ले जाते हुए जलाऊ लकड़ी का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। उक्त ट्रेक्टर एवं ट्राली को जलाऊ लकड़ी सहित जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20759/04 दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है एवं जप्त शुदा वाहन को राजसात हेतु प्रस्तावित किया गया है।

# शिखर युवा मंच ने विश्व टीबी दिवस पर चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के अवसर पर एसबीआई संजीवनी टीम कबीरधाम एवं सरकारी स्वास्थ्य विभाग, बोडला के संयुक्त तत्वावधान में बीते सोमवार को सामुदायिक बोड़ला में एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समुदाय में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को इस बीमारी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में शिक्षित करना था। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर रुपेश साहू, भूपेन्द्र भास्कर एलटी टीबी, छत्रपाल सिंह ठाकुर एलटी एचआईव्ही एड्स, एसबीआई संजीवनी टीम तथा अस्पताल के समस्त स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बताया गया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। इसके लक्षणों में लगातार खांसी, वजन घटना, रात में पसीना आना, भूख कम लगना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों ने टीबी की जांच एवं निःशुल्क उपचार की उपलब्धता पर भी जानकारी दी। इसके अलावा, उपस्थित समुदाय को टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु संकल्प दिलाया गया कि वे स्वयं तथा अपने परिवार एवं समाज में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाएँगे और संदिग्ध लक्षणों पर तुरंत जाँच करवाएंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया और टीबी उन्मूलन के इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। एसबीआई संजीवनी टीम कबीरधाम तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट, युवती को समझाइश

■ कवर्धा कोतवाली पुलिस ने युवति को थाना किया तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने पर कबीरधाम पुलिस ने एक युवती को थाना तलब कर उसे समझाइश दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में एक युवती रिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर पुलिस थाना के सामने एक वीडियो डाला गया, जिसमें वह थाना और पुलिस से डरने की बात नहीं करती दिखाई दी। यह वीडियो आपत्तिजनक था और इसके कारण पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया।

कबीरधाम पुलिस को इस वीडियो के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच शुरू की। कोतवाली थाना प्रभारी लालजी सिन्हा ने युवती रिया को ऐसा वीडियो बनाने के गंभीर परिणामों के बारे में समझाया।

साथ ही पुलिस ने उसे आगाह किया कि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से बचें, क्योंकि सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो डालने से न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है, बल्कि यह कानून और व्यवस्था की स्थिति को भी प्रभावित कर सकता है। युवती रिया ने अपनी गलती को समझते हुए पुलिस से माफी मांगी और भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को नहीं दोहराने का आश्वासन दिया।

पुलिस ने इस मामले में कड़ी निगरानी रखने की बात की और यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ऐसी हरकतें करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री के 30 मार्च के दौरे को लेकर जिला भाजपा की वृहत बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 30 मार्च को बिलासपुर के मोहभट्टा में होने वाले प्रवास और विशाल सम्मेलन को लेकर कवर्धा जिला भाजपा की एक वृहत बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में कवर्धा जिला भाजपा संगठन प्रभारी दिनेश गांधी, जिला भाजपा अध्यक्ष, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कैलाश चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट, अनिल ठाकुर, जसविंदर बग्गा, नीतेश अग्रवाल, क्रांति गुप्ता, रूपेश जैन, रोशन दुबे, मनीराम साहू, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पवन जायसवाल सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रभारी दिनेश गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि त्रि स्तरीय पंचायती राज तथा नगरीय निकाय चुनावों में मिली ऐतिहासिक सफलता से हम सबकी जवाबदारी और बढ़ गई है। अब पंच से पार्लियामेंट तक हमारी सरकार होने से लोगों की अपेक्षाएं भी बढ़ेगी और हमें अब ज्यादा काम करके लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। श्री गांधी ने मंडल अध्यक्षों को तय समय सीमा में पार्टी केन्द्रों को करने का ढंग भी समझाया।

जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सक्रिय सदस्यता, मंडल की कार्यकारिणी गठन एवं विभिन्न पार्टी कार्यों को जिम्मेदारी के साथ तय समय में करने की बात कही। श्री चंद्रवंशी ने पार्टी पदाधिकारियों के सामने आगामी 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए उसमें शामिल होने और जिले का लक्ष्य पूरा करने का आव्हान किया।

## मांग बढ़ने के साथ मौसमी फलों व जूस के दाम भी खा रहे भाव

# बढ़ती गर्मी के साथ बढ़ रही मौसमी व रसीले फलों की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



लगातार बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप की मार पड़ने के साथ ही लोगों के बीच मौसमी और रसीले फलों की मांग बढ़ने लगी है लेकिन मौसमी फलों के दाम भी बढ़ी गर्मी के साथ आसमान छूने लगे हैं। इन दिनो बाजार में गर्मी और लू से बचाने वाले मौसमी फल तरबूज, खरबूज, ककड़ी, अंगूर, संतरा सहित अन्य मौसमी फलों की अच्छी आवक बनी हुई है। माना जाता है कि इस तरह के मौसमी फलों के सेवन से मौसमी बिमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। सूर्य की तेज किरणों तथा झुलसा देने वाली गर्म हवाओं ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बढ़ी हुई गर्मी से राहत पाने के लिए लोग रहन सहन के साथ-साथ खानपान पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। अपने भोजन तथा नास्ते में ऐसे खाद्य पदार्थो का सेवन कर रहे हैं जिसमें प्राकृतिक रूप से भरपूर मात्रा में मिनरल्स, विटामिन तथा शीतलता मौजूद रहे। इस मौसम में इन सभी गुणों से भरपूर फल तरबूज, खरबूज व ककड़ी है। जिनकी पूछ परख इन दिनों खासी बनी हुई है। नगर के गलियों तथा चौक चौराहों में आसानी से मिलने वाले ये फल गर्मी में शीतलता तो प्रदान करते ही हैं साथ ही ये अपने प्राकृतिक गुणों के कारण मानव शरीर में ताजगी व ऊर्जा बनाए रखते हैं। इन्हीं विशेषताओं के कारण इन फलों को समाज के सभी वर्गो के द्वारा खासा पसंद किया जाता है। नदी के कछारों में फलने-फूलने वाले इन फलों को सिमगा, राजिम, बिलासपुर, मंडला तथा गंगातट इलाहाबाद से मंगाया जाता है। नगर में तरबूज की कीमत 20 रूपए से 120 रूपए तक प्रति नग है। खरबूज भी 40-50 रूपए प्रतिकिलो बिक रहा है। वहीं ककड़ी 40 रूपए प्रतिकिलो बिक रही है। इसके साथ बाजार में अंगूर की भी अच्छी आवक देखी जा रही है जो 100 रूपए प्रति किलो के भाव से खूब बिक रहा है। लेकिन दूसरी तरफ अनार, सेव फल जैसे फलों के दाम डेढ़ से दो सौ रूपए प्रति किलो के पार पहुंच गए है। फिर भी लोग इन रसीले और मौसमी फलों का उपयोग कर इस भीषण गर्मी के दौर में राहत पाने की जुगत भिड़ा रहे हैं।

## बोड़ला में मनाया गया विश्व टीबी दिवस...



**बोड़ला।** विकासखंड बोड़ला में गत 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के आदेशानुसार एवं डीपीएम अनुपमा तिवारी के निर्देशानुसार एवं बीएमओ बोड़ला डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के नेतृत्व में सीव्हाई टीबी टेस्ट की संपूर्ण जानकारी मास्टर ट्रेनर श्याम श्रवण के द्वारा दिया गया और टेस्ट का डेमो करके दिखाया गया। जिसमे बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूरे स्टॉफ की उपस्थिति रही।